राष्ट्रीय हिंदी/अंग्रेज़ी दैनिक

# मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

नई दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, एनसीआर, नूंह से प्रकाशित | संपादक अभयसिंह सैनी | 9992904845,8059956005

वर्ष : 03 | अंक : 123 | नूंह, रविवार 02 फरवरी 2025 | आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 | मूल्य : 2 रूपए | पेज : 08 | mewatnewsexpress11@gmail.com


## 12 लाख तक की इनकम पर अब टैक्स नहीं, किसानों की कर्ज लिमिट पांच लाख

- सभी टैक्सपेयर्स पिछले 4 साल का आईटी रिटर्न एकसाथ फाइल कर सकेंगे

### आम आदमी को बड़ी राहत, अब 12 लाख तक कमाई पर टैक्स में छूट

# मिडिल क्लास, लौटी 'सांस'

नौकरीपेशा मिडिल क्लास की आस आखिरकार पूरी हो गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 12 लाख रुपए तक की इनकम को टैक्स फ्री करने का बड़ा ऐलान किया है। अब इस सीमा तक की कमाई पर सरकार का हिस्सा नहीं होगा। शनिवार को संसद में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने किसानों को भी राहत का ऐलान किया। किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट में इजाफा कर इसे तीन से पांच लाख रुपए कर दिया है। इस बजट में सभी का ध्यान रखा गया है, पर मिडिल क्लास को खास तवज्जो दी गई है। टीडीएस के मोर्चे पर बुजुर्गों को भी बड़ी सुविधा का ऐलान किया गया है। बजट में कुछ ऐसे प्रावधानों का भी जिक्र किया गया है, जिससे 36 जीवन रक्षक दवाएं, इलेक्ट्रिक गाड़ियां, मोबाइल फोन समेत कुछ चीजें सस्ती भी होंगी।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बजट में विकसित भारत के लक्ष्य के लिए चार इंजन...कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को चिन्हित किया गया है। सीतारमण ने नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय को पूरी तरह से आयकर से छूट देने की घोषणा की। साथ ही कर स्लैब में भी बदलाव किया है। आयकर छूट नई कर व्यवस्था का विकल्प चुनने वाले आयकरदाताओं को मिलेगी। वेतनभोगी करदाताओं के लिए 75,000 रुपये की मानक कटौती के साथ अब 12.75 लाख रुपए पर कोई कर नहीं लगेगा। वित्त मंत्री ने बजट के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि 12 लाख रुपए की आय पर कर छूट की घोषणा से करीब एक करोड़ और लोग कर के दायरे से बाहर हो जाएंगे। सीतारमण ने संसद में 2025-26 का बजट पेश करते हुए कहा, नई कर व्यवस्था में छूट के माध्यम से मध्यम वर्ग के करों में काफी कमी आएगी और उनके हाथ में अधिक पैसा बचेगा, जिससे घरेलू उपभोग, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, विकसित भारत की दिशा में लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और मांग हमारे प्रमुख समर्थक स्तंभ हैं। मध्यम वर्ग भारत की वृद्धि को ताकत प्रदान करता है, उनके योगदान को देखते हुए, हमने उनके कर के बोझ को समय-समय पर कम किया है। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर कर छूट सीमा को मौजूदा 50,000 रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए किया गया है। सीतारमण ने लोकसभा में अपना लगातार आठवां बजट पेश करते हुए अगली पीढ़ी के सुधारों का खाका भी पेश किया। उन्होंने बीमा क्षेत्र में एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेश निवेश) की सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने के साथ ही कर कानूनों को सरल बनाने का भी प्रस्ताव किया। उन्होंने कहा कि सरकार कराधान, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र, बिजली और नियामकीय ढांचा जैसे छह क्षेत्रों में सुधारों की शुरुआत करेगी।

### विकसित भारत के लक्ष्य के लिए चार इंजन...कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात पर ध्यान




### नया टैक्स स्लैब-2025

| | |
|---|---|
| 0 से 4 लाख रुपए तक | कोई टैक्स नहीं |
| 4-8 लाख रुपए तक | 5 फीसदी |
| 8 से 10 लाख रुपए तक | 10 फीसदी |
| 12 से 16 लाख रुपए तक | 15 फीसदी |
| 16 से 20 लाख रुपए तक | 20 फीसदी |
| 20 से 24 लाख रुपए तक | 25 फीसदी |
| 24 लाख से अधिक कमाई पर- 30 फीसदी | |

12 लाख पर इनकम में टैक्स फ्री, 12 लाख से अधिक होने पर यह टैक्स स्लैब लागू होगा।

### अब कितना फायदा



| कमाई | टैक्स बेनीफिट |
|---|---|
| 12 लाख | 80 हजार रुपए |
| 16 लाख | 50 हजार रुपए |
| 18 लाख | 70 हजार रुपए |
| 20 लाख | 90 हजार रुपए |
| 25 लाख | 1.10 लाख रुपए |

### क्या सस्ता-क्या महंगा

**सस्ता**
- 36 जीवन रक्षक दवाएं
- कैंसर की दवाएं
- इलेक्ट्रिक गाड़ी
- मोबाइल फोन
- मोबाइल बैटरी
- फिश पेस्ट
- लेदर गुड्स
- एलईडी टीवी

**महंगा**
- फ्लैट पैनल डिस्प्ले
- टीवी डिस्प्ले
- फैब्रिक

### किसानों की बल्ले-बल्ले

- किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए हुई
- देश में पीएम धन-धान्य कृषि योजना शुरू होगी।
- डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लोन
- समुद्री उत्पाद सस्ते होंगे, कस्टम ड्यूटी 30% से घटाकर 5% की गई
- अंडमान, निकोबार और गहरे समुद्र में मछली पकड़ने को बढ़ावा मिलेगा
- बिहार के किसानों की मदद के लिए मखाना बोर्ड का गठन होगा
- मिथिलांचल में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना शुरू होगी। 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के किसानों को फायदा
- दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 6 साल का मिशन
- पोस्ट पेमेंट बैंक पेमेंट सर्विस ग्रामीण योजनाओं में बढ़ाई जाएगी
- कपास उत्पादन के लिए 5 साल की कार्ययोजना।

### मध्यम वर्ग के लिए राहत का पिटारा

- अब 12 लाख की कमाई पर कोई टैक्स नहीं
- बुजुर्गों के लिए टैक्स छूट डबल की गई



- टीडीएस की सीमा 10 लाख रुपए की गई
- 4 साल तक अपडेटेड आईटीआर भर सकेंगे
- किराया आमदनी पर टीडीएस छूट 6 लाख रुपए की गई
- मोबाइल फोन और ई-कार सस्ती होंगी



- ईवी और मोबाइल की लीथियम आयन बैटरी सस्ती होगी
- एलईडी-एलसीडी टीवी सस्ती होंगी। कस्टम ड्यूटी घटाकर 2.5%
- देश में अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल लाया जाएगा
- 1 लाख करोड़ रुपए का अर्बन चैलेंज फंड बनेगा



- शहरी क्षेत्र के गरीबों की आय बढ़ाने की योजना आएगी
- एक लाख अधूरे घर पूरे होंगे, 2025 में 40 हजार नए मकान हैंडओवर किए जाएंगे
- हर घर नल से जल पहुंचाने जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ेगा

### बिहार की बल्ले-बल्ले

- आम बजट में बिहार को खास तवज्जो दी गई है। ऐसी चर्चा है कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सौगात दी गई है। ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के निर्माण, एक राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान भी स्थापित किया जाएगा। पटना हवाई अड्डे की क्षमता का विस्तार किया जाना भी प्रमुख घोषणाओं में शामिल है। बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने और आईआईटी, पटना में छात्रावास और एक अन्य बुनियादी ढांचा क्षमता के विस्तार की भी घोषणा हुई है।

### उड़ान योजना से जुड़ेंगे 120 नए शहर



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में उड़ान योजना के तहत 120 नए रूट्स पर फ्लाइट ऑपरेशन शुरू करने की घोषणा की। बजट के अनुसार, उड़ान योजना के लिए आवंटन हवाई अड्डों को अपग्रेड किया जाएगा और पूर्वोत्तर से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इसमें कहा गया है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक नई योजना भी तैयार की गई है।

### किराए पर टीडीएस की सीमा 6 लाख




बजट 2025 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किराए पर लागू टीडीएस (टैक्स डिडक्टेड ऐट सोर्स) की सीमा को बढ़ाकर 6 लाख रुपये प्रति वर्ष कर दिया है। पहले यह सीमा 2.4 रुपये लाख थी, जिसके ऊपर किराए पर टीडीएस काटा जाता था। नई सीमा से अब 6 लाख रुपए तक के वार्षिक किराए पर टीडीएस नहीं काटा जाएगा। यह बदलाव छोटे व्यवसायों और व्यक्तिगत करदाताओं के लिए फायदेमंद है क्योंकि इससे टीडीएस कटौती और फाइलिंग की प्रक्रिया आसान होगी।

### बुजुर्गों को टीडीएस के मोर्चे पर राहत




आम बजट 2025-26 में इनकम के सोर्स पर टैक्स डिडक्शन की दरों में कटौती के लिए न्यूनतम आय की सीमा को बढ़ाया है। बुजुर्गों को ब्याज से मिलने वाले आय पर टीडीएस कटौती की सीमा 50 हजार रुपए सालाना से बढ़ाकर एक लाख रुपए की गई।

## प्रतिक्रियाएं

### विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि की ओर एक बड़ा कदम



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कल्याणकारी, सर्व-स्पर्शी और समावेशी बजट देश के गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र विकास के साथ स्टार्ट-अप्स, इनोवेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों को समाहित करते हुए, अंत्योदय की भावना और नवोन्मेष की नव-दृष्टि से परिपूर्ण है। 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय को कर मुक्त करने का निर्णय अभिनंदनीय है। बीते एक दशक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने समृद्धि के जो नए आयाम स्थापित किए हैं, उनमें देश के मध्यम वर्ग का परिश्रम और सामर्थ्य सम्मिलित है। यह निर्णय मध्यम वर्ग की आशाओं और आकांक्षाओं को उड़ान देने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा।

### आत्मनिर्भर भारत को गति मिलेगी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस बजट से आम आदमी को बहुत फायदा मिलेगा। इससे बड़ा परिवर्तन आएगा। इससे आत्मनिर्भर भारत को गति मिलेगी। देश में टूरिज्म बढ़ा है। टूरिज्म से रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। पांडुलिपि संरक्षण की दिशा में कदम उठा रही है।

### गोली के घाव पर मरहम पट्टी वाला बजट



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'गोली लगने के घाव के लिए एक मरहम पट्टी!' आरोप लगाया कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच, हमारे आर्थिक संकट को हल करने के लिए एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है, लेकिन यह सरकार विचारों को लेकर दिवालिया है।

### यह हर नागरिक के सपनों का बजट इसमें पीएम मोदी के 'ज्ञान' का मंत्र



मप्र के उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि वर्ष 2025-26 का बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने का रोडमैप है। 12 लाख रुपए तक की सालाना आय पर आयकर न लगाकर एक बड़े वर्ग को राहत दी है। यह प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने विशेष पूंजीगत सहायता को 1.50 लाख करोड़ रुपए से निरंतर रखने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे मप्र को विशेष लाभ होगा। पूंजीगत सहायता का रचनात्मक उपयोग करने में मप्र का अच्छा प्रदर्शन रहा है। देवड़ा ने कहा कि यह बजट हर नागरिक के सपनों का बजट है। यह पूरी तरह प्रधानमंत्री मोदी के ज्ञान के मंत्र पर आधारित बजट है, जो गरीब कल्याण, युवा कल्याण, नारी शक्ति और किसानों की समृद्धि पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि बजट में कई ऐसे अनूठे प्रावधान किए गए हैं, जिससे मप्र जैसे तेजी से आगे बढ़ते राज्य को मदद मिलेगी।

- सीनियर सिटीजंस के लिए टीडीएस की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए
- किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए होगी
- छोटे उद्योगों को विशेष क्रेडिट कार्ड, पहले साल 10 लाख कार्ड जारी होंगे



### महिलाओं को क्या मिला

- एससी और एसटी की एमएसएमई महिला उद्यमियों के लिए विशेष लोन योजना
- पहली बार उद्यमी बनने वाली महिलाओं को दो करोड़ का टर्म लोन मिलेगा

### बुजुर्गों के लिए खास तवज्जो

- सीनियर सिटिजंस के लिए टैक्स छूट दोगुनी, 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख
- देश में 200 डे-केयर कैंसर सेंटर बनेंगे
- 13 मरीज सहायता कार्यक्रम बेसिक कस्टम ड्यूटी से बाहर

### युवाओं को भी सौगात

- स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का फंड बनेगा
- 500 करोड़ रुपए से 3 एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) एक्सीलेंस सेंटर बनेंगे
- मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ेंगी
- देश में 23 आईआईटी में 6500 सीटें बढ़ाई जाएंगी
- मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार सीटें बढ़ेंगी
- पीएम रिसर्च फेलोशिप के तहत 10 हजार नई फेलोशिप दी जाएगी
- देश में ज्ञान भारत मिशन शुरू होगा, 1 करोड़ मैन्युस्क्रिप्ट का डिजिटलाइजेशन होगा
- पटना आईआईटी में होस्टल सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी
- मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड को बढ़ावा देंगे



### उद्योग और व्यापार जगत

- एमएसएमई के लिए लोन गारंटी लिमिट 5 करोड़ से बढ़कर 10 करोड़ होगी
- सोशल वेलफेयर सरचार्ज हटाने का प्रस्ताव
- 7 टैरिफ रेट हटेंगे। अब देश में 8 टैरिफ रेट ही रह जाएंगे
- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर टियर-2 शहरों में बनाए जाएंगे
- देश को खिलौना उत्पादन का ग्लोबल हब बनाने राष्ट्रीय योजना बनेगी
- नई लेदर स्कीम से 22 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा

**मप्र के इन दिग्गजों से समझिए बजट**

### मध्यम वर्ग और बिहार पर फोकस, जीएसटी से अभी राहत नहीं मिली



राघवजी भाई
पूर्व वित्त मंत्री
मप्र शासन

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री राघवजी ने कहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को प्रस्तुत बजट में मध्यम वर्ग और बिहार पर फोकस रखा गया। हालांकि, जीएसटी से राहत और रुपए की गिरती कीमत पर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के लिए यह बजट इसलिए लाभकारी है क्योंकि अब 12 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। पहले 7 लाख तक की आय टैक्स मुक्त थी। इस बार आयकर के स्लैब भी ठीक किए गए हैं। इसके कारण आमदनी बढ़ने पर लोगों को फायदा मिलेगा। राघवजी ने कहा कि बजट में बिहार का खास ख्याल रखा गया है। वहां के लिए कई नई घोषणाएं की गई हैं। इसकी वजह यह भी हो सकती है कि भविष्य में बिहार विधानसभा के लिए चुनाव प्रस्तावित हैं। राघवजी ने कहा कि बजट में एमएसएमई अर्थात छोटे उद्योगों का भी ख्याल रखा गया है। सरकार की ओर से इस क्षेत्र में पहले की तुलना में ढाई गुना कैपिटल ज्यादा लगाई जाएगी। इससे छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। बजट में किसानों के लिए किसान क्रेडिट के माध्यम से मिलने वाले ऋण की सीमा 3 लाख से बढ़ा कर 5 लाख रुपए करने की घोषणा की गई है। बजट में हवाई सेवा में विस्तार की घोषणा की गई है। इसके तहत नए डेस्टिनेशन जोड़े जाएंगे। इससे हवाई यात्रा करने वालों को लाभ मिलेगा। राघवजी ने कहा कि उम्मीद थी कि कुछ वस्तुओं से जीएसटी कम कर लोगों को राहत दी जाएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत लगातार घट रही है। इस रोकने के लिए बजट में कोई प्रावधान दिखाई नहीं पड़ा। उन्होंने बताया कि गांवों के पानी के लिए योजना जल जीवन मिशन बंद होने वाला था लेकिन इसे आगे बढ़ा दिया गया है। अब शेष रह गए गांवों में भी घर-घर पानी पहुंचाने को काम हो सकेगा।

### केंद्र का बजट महंगाई बढ़ाने वाला, किसान व आम आदमी माफ नहीं करेगा



तरूण भनोत
पूर्व वित्त मंत्री
मप्र शासन

केंद्र सरकार के बजट पर को मंहगाई बढ़ाने वाला है। जिस बात को लेकर भाजपा व उनकी वित्त मंत्री तथा पूरी टीम ताली बजा रही है, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि 12 लाख रुपए का टैक्स स्लैब कितने लोगों के पास है। कितने लोगों को इसका लाभ होगा। इस बारे में विचार करना चाहिए। आज देश व मप्र में बेरोजगारी की दर सबसे ज्यादा है। बजट में इस तरह की घोषणा करना आम आदमी की परेशानी पर जले पर नमक छिड़कना जैसा है। पंजाब के बार्डर पर किसान धरना दे रहे हैं। कितने किसानों की मौत हो चुकी है। हर व्यक्ति बेरोजगारी व महंगाई से परेशान है। किसान व आम आदमी इस सरकार को माफ नहीं करेगा। आम आदमी पेट काटकर अपनी जीवन यापन कर रहा है और सरकार कर्ज लेकर घी पी रही है। आम आदमी महंगाई से काफी परेशान है। महंगाई पर रोक नहीं लग पा रही है। जनता को इस महंगाई से कोई राहत नहीं है। ऐसे में आम आदमी की परेशानी बढ़ाने वाले बजट पर भाजपा सरकार को ढिंढोरा पीटना बंद करना चाहिए।

# Union Budget aimed at stimulating economic growth



- Rayabarapu Harikrishna - Chartered accountant
- Finance Minister Nirmala Sitharaman submitted 2025-26

Warangal, 1 February : The Union Budget for the fiscal year 2025-26, presented by Finance Minister Nirmala Sitharaman, introduces significant measures aimed at stimulating economic growth, enhancing taxpayer benefits, and promoting fiscal consolidation. Key initiatives include substantial personal income tax reductions, increased capital expenditure, and targeted support for agriculture and social welfare.

**Personal Income Tax Reforms**

In a move to boost domestic consumption and provide relief to the middle class, the government has raised the personal income tax exemption threshold from 700,000 to 1.28 million. Additionally, tax rates for incomes above this threshold have been reduced. These adjustments are expected to enhance household savings and spending capacity, thereby stimulating economic activity.

**Capital Expenditure and Infrastructure Development**

The budget outlines a capital expenditure allocation of 11.2 trillion, reflecting a modest increase from the previous year. This investment focuses on infrastructure projects, including roads, railways, and digital infrastructure, aiming to drive long-term economic growth and job creation.

**Agriculture and Rural Economy Support**

Recognizing the critical role of agriculture, the government has launched a national mission to boost crop productivity and increased subsidized credit limits for farmers. These measures aim to enhance rural incomes and ensure food security.

**Fiscal Consolidation**

The budget sets a fiscal deficit target of 4.4% of GDP for 2025-26, down from a revised 4.8% in the current year. To fund the deficit, the government plans to borrow 14.82 trillion. This approach reflects a commitment to fiscal prudence while supporting growth initiatives.

**Key Beneficiaries**

- Middle-Class Taxpayers: The revised tax slabs provide significant relief to middle-income groups, increasing disposable income and encouraging consumption.
- Agricultural Sector: Enhanced support for farmers through increased credit limits and productivity initiatives is expected to strengthen the rural economy.
- Infrastructure and Manufacturing Industries: Increased capital expenditure is set to benefit companies involved in infrastructure development and manufacturing, potentially leading to job creation and economic expansion.

**Conclusion**

The Union Budget 2025-26 presents a balanced approach, aiming to stimulate economic growth through strategic investments and tax reforms while maintaining a focus on fiscal discipline.

The emphasis on infrastructure, agriculture, and taxpayer relief is poised to have a positive impact on various sectors of the economy.

# NIT Implementation of National Education Policy In Warangal

- Professor Bidyadhar Subudhi Director, Nit Warangal

Warangal, 1 February : The National Institute of Technology (NIT) Warangal recently organized a two-day workshop focused on implementing the National Education Policy (NEP) in higher education. The event took place at the Bose Hall of the Seminar Halls Complex and commenced with an inaugural session led by Professor DVSS Shiva Sharma, who provided an overview of the workshop's objectives.



The workshop featured esteemed guests, including Professor Rajiv Prakash, Director of IIT Bhilai; Professor Rajiv Ahuja, Director of IIT Ropar; Professor Bidyadhar Subudhi, Director of NIT Warangal; Professor A. Sarath Babu, Dean of Academics at NIT Warangal; and Professor DVSS Shiva Sharma. Participants comprised faculty members, academic deans, and NEP coordinators from 25 NITs and IIEST Shibpur. In his address, Professor Bidyadhar Subudhi emphasized the importance of implementing the NEP with the right inspiration and highlighted the workshop's aim to discuss various institutional methods and address associated challenges. He expressed hope that the workshop would yield clear outcomes beneficial to NITs and higher education institutions across the country. Professor Rajiv Prakash underscored the need for institutions to adapt to forthcoming changes, while Professor Rajiv Ahuja advocated for initiating joint degree programs and collaborative efforts, suggesting that such initiatives could later serve as models for other higher education institutions. During the event, NIT Warangal signed memoranda of understanding with IIT Ropar and IIT Bhilai to foster collaboration. Dean Academic Professor A. Sarath Babu expressed gratitude to all representatives for their participation.The workshop's organizing committee outlined plans for two panel discussions, five sessions, and eight major lectures over the two-day period.This workshop aligns with the NEP 2020's vision to transform India's education system by promoting multidisciplinary and holistic education, fostering critical thinking, and enhancing institutional collaboration.

# There are no allocations for Telengana in central budget

- Bandy Sanjay and Kishan Reddy are answerable to state people says jaggareddy



(Khaja Moinoddin) ,Hyderabad Feb 1 : The lack of allocations in the budget as desired by the people of Telangana has disappointed the taxes paid by the people Telangana...are paying lakhs of crores per year. The fact that a separate budget was not allocated for the girl child of Telugu states remains a question.The people of Telangana have won 8 MPs from the bjp,Two of them became Union Ministers.What answer will Sanjay... Kishan Reddy give. They should talk to the Prime Minister... Finance Minister and bring funds.

You appear weak in the eyes of the people of Telangana .Nirmala Sitaram is a Telugu daughter-in-law...but Telangana has no rupee.Under the UPA government, Hyderabad got IIT..Metro..Outer Ring Road..IIIT in Basara...International Airports, the history brought by Congress under the leadership of Sonia Gandhi..Rahul Gandhi..Manmohan Singh. But in bjp govt led by pm narender modi,Telengana state neglected.

# Stubborn to BCs in the Union Budget



Hyderabad: February 01; Gujja Krishna, national convener of the BC Welfare Association, said that the Union Budget has been stubborn to the BCs. In the budget, only Rs 2,500 crore has been allocated to BCs.

# All-Party Dharna Against the Waqf Amendment Bill on Feb 9th – Decision Made at All-Party Meeting

Hyderabad, February 1: An all-party protest dharna will be organized on February 9th against the Waqf Amendment Bill. This decision was made during a consultative meeting held at Media Plus on February 1st, where representatives from various religious, social, political, and community organizations in Telangana participated and addressed the gathering.



The meeting discussed the central government's stance on the amendment bill, which rejects the opposition's recommendations and plans to refer it to the Speaker for approval. The BJP government's alleged plot to pass the bill unchanged was condemned, and it was decided that the protest would continue until the central government withdraws its proposal.

In his address, Syed Abdul Aziz, President of MPJ, said that the central government has introduced the bill to deprive Muslims of their ancestral properties, and that Muslims will never accept it. Maulana Hakim S ed Shah Mohammad Khairuddin Quadri, President of the All India Sufi Ulema Council, emphasized that simply holding protests or passing resolutions will not solve the issue. He suggested that Muslims should take to the streets, following the example of the NRC protests, and continue their struggle until their demands are met.As part of this effort, the all-party protest dharna will be held at Indira Park starting February 9th. Representatives from all participating groups will join the protest, with Muslims from all districts of Telangana also expected to take part. Mir Anayat Ali Baqri stressed the importance of Muslims standing up for their rights and showing their strength and unity, regardless of political or factional affiliations.Other speakers included Maulana Dr. Syed Asif Omari, who discussed the objectives of the meeting, MA Siddiqui, who highlighted the potential harm the bill could cause to Muslims, and Khaleeq-ur-Rehman. Leaders from various groups, including Congress, Indian Union Muslim League (Bhim Army), Maulana Syed Hamid Hussain Shattari, Ahmed Yazdani, Anjum Sheikh, Shazia Khan, Khizr Ahmad, Saif-ur-Rehman Qureshi from the Milli Tanzeem Telangana, and other leaders also addressed the gathering.

# BRS party leader Prithvi Raj donated one lakh rupees for the construction of Sri Sri Peddamma Mother Temple



Sangareddy District. February 1 : A young leader of the BRS party, Peddamma Matla Temple, which is being built in Isnapur Municipality of Patancheru Mandal, MDR Foundation cofounder Prithviraj donated Rs. The amount was given in the presence of temple president Raghu, former ward member Yadagiri and villagers. Speaking on the occasion, Prithviraj wished for the development of temples of all religions to encourage the spiritual devotion of the devotees. For the last three generations, our family has been dedicatedly serving the upliftment of the poor. Our family contributes to the welfare of the people by undertaking many service activities like construction of houses, development of temples, social welfare programs. Now I too will continue our family tradition and move forward more comprehensively with the cooperation of Patancheru elders. Prithviraj said that he will work hard to achieve development in all fields as expected by the people in the future.

# Ruling party MLAs express dissatisfaction at State administration

Hyderabad, Feb.1 (NSS): There are reports circulating that the Telangana Congress party is experiencing significant disorganisation. Allegations suggest that 11 Congress MLAs have clandestinely convened at a hotel on the outskirts of Hyderabad.Further claims indicate that a Minister is neglecting their concerns and is not providing support for development initiatives. It has been reported that the MLAs are expressing dissatisfaction with the Minister, who is purportedly making decisions regarding their constituency without their prior knowledge.The MLAs from the ruling party have remarked that works were completed during the previous BRS administration, yet similar works are now facing delays under their own Congress governance. In response to these concerns, the Telangana Pradesh Congress Committee (TPCC) has taken proactive measures.TPCC chief Mahesh Goud has reached out to the MLAs, assuring them that he will facilitate a meeting with the Minister. He encouraged the ruling party MLAs to address the issues collaboratively and amicably. Reports indicate that out of the eleven individuals who met privately, four are MLAs from Mahabubnagar, while six additional MLAs engaged via phone. Members of the ruling party have voiced their concerns regarding the insufficient progress on various works.

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
राष्ट्रीय हिंदी/अंग्रेजी दैनिक



## औद्योगिक विकास के लिए बेहतर है आम बजट: प्रवीण यादव



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** गुडग़ांव उद्योग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण यादव ने आम बजट को औद्योगिक विकास के लिए बेहतर बताया है। उनका कहना है कि सरकार ने जो 5 नेशनल स्किल सेंटर खोलने की जो घोषणा की है, वे उद्योगों के हित में है। आज सबसे बड़ी समस्या स्किल कर्मचारियों की कमी है। स्टार्टअप फंड्स के लिए 10 हजार करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। हालांकि इसको और बढ़ाने की ज़रूरत थी। 12 लाख तक आयकर में छूट का लाभ भी सभी को मिलेगा। इससे आमजन की खरीदारी की क्षमता बढ़ेगी और उत्पादों की मांग भी उत्पन्न होगी। उनका कहना है कि आम बजट आमजन के हित में है। जिसका उन्हें पूरा लाभ मिलेगा।

## गुरुग्राम मित्र मंडल के सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन आज

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** जरुरतमंदों व असहाय परिवारों की कन्याओं के सामूहिक विवाह धार्मिक व स्वयंसेवी संस्थाएं कराती आ रही हैं। इसी क्रम में गुरुग्राम मित्र मंडल द्वारा आज रविवार को बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त पर खांडसा रोड स्थित श्री श्याम फेब आयोजन स्थल परिसर में किया जाएगा। संस्था के प्रधान श्रीचंद गुप्ता व महासचिव नवीन गुप्ता का कहना है कि वर-वधू का चयन परिवार स्वयं किया है। उनका कहना है कि शैक्षणिक जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले जोड़ों के परिजनों संस्था के पास अपना पंजीकरण करा दिया है, उन्हीं जोड़ों को सामूहिक विवाह में शामिल किया गया है। संस्था के गौरव गुप्ता, ईश्वर मित्तल, मुकेश सिंघल, नरेश गुप्ता व चंद्रभान गोयल आदि का कहना है कि धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार विवाह कराया जाएगा। उनके विवाह का समस्त खर्चा संस्था व दानवीर वहन करेंगे। उनको घर गृहस्थी चलाने के लिए आवश्यक सामान भी भेंट स्वरुप दिया जाएगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन होगा आज

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन शहर क विभिन्न क्षेत्रों में किया जाने वाला है। जिसकी तैयारियों में संस्थाओं के सदस्य जुटे हुए हैं। जहां ये संस्थाएं सामूहिक विवाह का आयोजन करेंगी, वहीं खाटू नरेश संकीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा। इसी क्रम में सामाजिक संस्था सांवरिया सरकार श्री श्याम मंडल द्वारा आज बसंत पंचमी पर अंबेडकर नगर स्थित क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद संजय प्रधान के कार्यालय में किया जाएगा और उनका भी पूरा सहयोग रहेगा। संस्था के सक्रिय सदस्य एमएल पोपली व केशव का कहना है कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में स्थानीय विधायक मुकेश शर्मा भी शामिल होंगे। संकीर्तन कराने के लिए मेघा एंड पार्टी को आमंत्रित किया गया है। गायक अपनी सुरीली आवाज में खाटू श्याम के भजनों का गुणगान करेंगे। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## गोलीकांड के समय इनोवा में हरबिलास के साथ बैठा गूगल पंडित गिरफ्तार, तुषार भी काबू

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**अंबाला।** बसपा नेता व वकील हरबिलास गोलीकांड के सात दिन बाद एक गिरफ्तारी ने सभी को हैरान कर दिया है। यह गिरफ्तारी गोलीकांड के समय इनोवा कार में हरबिलास के साथ बैठे गूगल पंडित की है। हरबिलास व गूगल पंडित दोनों में दोस्ती थी। इसके अलावा पुलिस ने 2 लाख के ईनामी बदमाश वेंकेट गर्ग के भाई तुषार गर्ग को भी काबू कर लिया। दरअसल, गूगल पंडित की गिरफ्तारी इस गोलीकांड में घायल चुन्नू के चंडीगढ़ पीजीआई में दर्ज बयानों पर की गई है। पेट में गोली लगने पर चुन्नू बयान देने की हालत में नहीं था। इसलिए पुलिस तबीयत में सुधार होने का इंतजार कर रही थी। शुक्रवार को दर्ज हुए चुन्नू के बयानों में गूगल पंडित की भी गोलीकांड में संलिप्त जताई है। चुन्नू ने बताया कि गूगल पंडित ही 24 जनवरी को लगातार उनसे फोन पर संपर्क कर रहा था। उसने ही रात को फोन कर दोनों को बुलाया था। हरबिलास के फोन पर भी गूगल पंडित की करीब दर्जनभर कॉल थी।

गोलियां चलने पर भी बच गया था गूगल पंडित, तभी घुमी थी शक की सूई 24 जनवरी को नारायणगढ़ में हुए इस गोलीकांड के दौरान दर्जनभर गोलियां चली थी। इसमें से पांच गोलियां लगने पर हरबिलास की मौत हो गई थी। चुन्नू के पेट में भी एक गोली लगी थी। चारों तरफसे चार शूटरों द्वारा ताबड़तोड़ गोलियां चलने के बावजूद गूगल पंडित बच गया था। उसे मामूली रूप से चोट आई थी। यहां तक कि हरबिलास की कॉल डिटेल में गूगल पंडित से कई बार बात की गई थी। हालांकि पुलिस भी पहले दिन से ही गूगल पंडित से भी कई बार पूछताछ कर चुकी थी।

**गूगल पंडित है ज्योतिष, जमीनी विवाद का करवा रहा था समझौता**

नारायणगढ़ की सरगोधा कॉलोनी निवासी विजय दत्त मोदगिल उर्फगूगल पंडित पेशे से ज्योतिष है। वह वेंकट गर्ग व हरबिलास दोनों का नजदीकी था और आपसी समझौते भी करवाता था। गूगल पंडित की पहली शादी से दो बेटे हैं। पत्नी के देहांत के बाद दूसरी शादी हुई थी। हरबिलास के जमीनी विवाद का समझौता गूगल पंडित करवा रहा था। 24 जनवरी को समझौते के लिए बुलाने का फोन भी हरबिलास व चुन्नू पर गूगल पंडित ने किया था।

## रेवाड़ी में आतंक मचाने वाला बाघ वर्चस्व की लड़ाई में गंवा बैठा जान, वन्यजीव प्रेमियों में शोक की लहर



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी के धारूहेड़ा और झाबुआ क्षेत्र में घूमने वाले टाइगर एसटी 2303 की मौत हो गई है। यह वही बाघ है जिसे कुछ माह पहले राजस्थान और हरियाणा की वाइल्डलाइफटीमों ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू किया था और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व (बूंदी, राजस्थान) में छोड़ा गया था। रेस्क्यू ऑपरेशन का हिस्सा रहे वन्यजीव प्रेमियों ने इस बाघ की अचानक हुई मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, इस युवा बाघ की मौत इलाके पर वर्चस्व की लड़ाई के दौरान वहां पहले से मौजूद एक बड़े नर बाघ के हमले में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आना अभी बाकी है, जिससे मौत के सही कारणों की पुष्टि होगी।

**हरियाणा से राजस्थान तक का सफर**

एसटी 2303 को सरिस्का टाइगर रिजर्व से दो बार रेवाड़ी में आया था। झाबुआ से पकड़कर इसे रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया था। दो दिन पहले ही इसे खुले जंगल में छोड़ा गया था। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार नर बाघ अपनी क्षेत्रीय सीमा को लेकर बेहद आक्रामक होते हैं और अपने इलाके को किसी अन्य बाघ के साथ साझा नहीं करते। अक्सर इस तरह की भिड़ंत में युवा बाघ मौजूदा ताकतवर नर बाघ से हार जाते हैं और मारे जाते हैं, एसटी 2303 के साथ भी ऐसा ही हुआ। करीब 200 किलो वजन और 10 फीट लंबा यह युवा बाघ बेहद सुंदर और स्वस्थ था। गुरुग्राम निवासी वन्यजीव प्रेमी अनिल के मुताबिक, इस बाघ से उनका खास लगाव था और वे लगातार अधिकारियों से इसके हालचाल पूछते रहते थे। अब इसकी अचानक मौत ने सभी को दुखी कर दिया है। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि टाइगर रिलोकेशन प्रोग्राम में ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है, ताकि इस तरह के दुर्भाग्यपूर्ण हादसों से बचा जा सके। फिलहाल वन विभाग इस मामले की गहन जांच कर रहा है।

# नौ गांवों के किसानों की हुई एचएसआईआईडीसी के एमडी संग मीटिंग

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** नूंह जिले के नौ गांवों के किसानों का पिछले लगभग एक साल से धरने चला आ रहा है जिसमें किसानों ने अपनी प्रमुख मांगे प्रशासन के सामने रखी थी मगर प्रशासन उनकी सुनने को राजी नहीं है जिसको लेकर किसानों ने छोटे से लेकर बड़े अधिकारी के सामने अपनी मांगे रखीं मगर कोई सुनवाई नहीं हुई यही नहीं किसानों ने आइएमटी का चल रहा काम भी बंद करा दिया यही नहीं किसानों ने मुख्यमंत्री तक अपनी मांगे रखीं लेकिन फिर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला इसी बीच आइएमटी प्रशासन ने 31 दिसमब 24 को चुपके से काम शुरू कर दिया जिसकी भनक किसानों लगी तो किसान आनन-फानन मे हजारो की संख्या मे मौके पर पहुंच गए और चल रहे काम को बन्द करा दिया तो डीसी विश्राम कुमार मीणा ने 2 जनवरी 25 को किसानो की मीटिंग्ग जिला सचिवालय में बुला ली। मीटिंग में किसान नेता रवि आजाद भी किसानों के साथ सचिवालय नूंह पहुंचे जो मीटिंग लगभग तीन घंटे चली जिसमें डीसी विश्राम कुमार मीणा ने किसानों से 15 दिन के अंदर एचएसआईआईडीसी के एमडी से मीटिंग कराने का आश्वासन दिया और आइएमटी मे काम चालू करने की शर्त रखी जिसपर किसान राजी हो गए। लेकिन काफी समय बीत जाने पर भी प्रशासन की तरफ से कोई जवाब नहीं आया तो किसानों ने 30 जनवरी को फिर से काम रोकने का



ऐलान कर दिया जिसकी भनक नूंह प्रशासन को लगी तो एसडीएम प्रदीप अहलावत धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों से 31 जनवरी को एचएसआईआईडीसी के एमडी से गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में मीटिंग कराने की बात कही जिसपर किसान फिर से राजी हो गए और शुक्रवार को किसान कमेटी और किसान नेता रवि आजाद सहित किसान और नूंह प्रशासन की तरफ से एडीसी और डीएसपी एचएसआईआईडीसी के एमडी से मिले। किसान नेता एसपी ने शनिवार को बताया की मीटिंग मे एचएसआईआईडीसी के एमडी ने किसानों से मुख्यमंत्री से बात कराके इस समस्या का समाधान कराने की बात कही। अब देखना होगा की किसानों को न्याय मिलेगा या फिर यूंही धक्के खाने पड़ेंगे। इस मौके पर मोहम्मद एस.पी सरपंच, सिराजुद्दीन, जाहिद सरपंच, मुबारीक, उस्मान, जस्सू, सरीफमुफिद्द, रज्जाक,दिनु नम्बरदार अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## सोनीपत में रोष प्रदर्शन, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली व सिंगर रॉकी मित्तल की गिरफ्तारी की मांग

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**सोनीपत।** हिमाचल प्रदेश के सोलन में कथित रूप से हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली और सिंगर रॉकी मित्तल की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिल्ली से आई महिलाओं और पीड़िता की साथियों ने आज सोनीपत में जोरदार रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं कर रही है और आरोपी खुलेआम घूम



रहे हैं। महिलाओं ने मार्च निकालकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने कहा कि मोहनलाल बडौली बुजुर्ग होने की आड़ में बचने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वह एक दरिंदा हैं। वहीं, उन्होंने रॉकी मित्तल पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हम पैसों के लालच में चुप बैठने वाली नहीं हैं। महिलाओं का कहना है कि जल्द ही अन्य पीड़िताओं को भी सामने लाया जाएगा ताकि आरोपियों को सख्त सजा मिल सके। इस मामले को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और विपक्ष ने भी सरकार पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाया है।

## भाई की शादी में आया युवक पड़ोसी के घर नहाने गया, गैस गीजर की चपेट में आने से मौत

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

फतेहाबाद। फतेहाबाद के गांव मुस्सेअहली में भाई की शादी में शामिल होने आए युवक की पड़ोसी के घर नहाने के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्राथमिक जांच में गैस गीजर की चपेट में आने से दम घुटने की आशंका जताई जा रही है। इस घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। मिली जानकारी के अनुसार, फाजिल्का निवासी 27 वर्षीय गुरप्रीत अपनी बुआ के घर भाई की शादी में आया हुआ था। उसकी बुआ ने गुरप्रीत के भाई को गोद लिया हुआ है, और 3 फरवरी को शादी होनी थी। शादी से पहले घर में सुखमणी साहिब का पाठ रखा गया था, जिसके चलते रिश्तेदारों की भीड़ थी। घर में अधिक भीड़ होने के कारण गुरप्रीत नहाने के लिए पड़ोसी के घर चला गया। जब वह करीब आधे घंटे तक बाहर नहीं आया, तो घरवालों को चिंता हुई। दरवाजा तोड़कर देखा गया तो वह बेसुध हालत में पड़ा मिला। उसे तुरंत नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सागर ने हत्यारोपियों को छिपने के लिए किराये पर दिलाया था मकान, पुलिस ने किया गिरफ्तार

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी में थाना मॉडल टाऊन पुलिस ने लोकेश हत्याकांड में संलिप्त एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान झज्जर के सीताराम गेट निवासी सागर के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी से पूछताछ पर सामने आया है कि आरोपी सागर ने गिरफ्तारशुदा हत्यारोपी आरोपी साहिल व सचिन को छिपने के लिए मकान किराये पर दिलाया था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दरअसल, मोहल्ला भजन का बाग रेवाड़ी निवासी यशपाल ने अपनी शिकायत में बताया था कि 30 मई 2024 को अलसुबह 4 बजे के करीब घर पर उसके बेटे का दोस्त आकाश उर्फ सन्नी आया और उसके बेटे लोकेश को घूमने की बात कहकर यशपाल की ही स्कूटी पर बैठाकर ले गया। उसके बाद सुबह 7 बजे आकाश उर्फसन्नी यशपाल की स्कूटी को यशपाल के घर पर लेकर आया और स्कूटी को घर के सामने खड़ा कर दिया। आकाश उर्फसन्नी ने यशपाल को बताया कि लोकेश स्कूटी से गिर गया है, उसके सिर पर चोट आई है वह एक अस्पताल में भर्ती है। सूचना पर यशपाल ने स्कूटी की डिग्गी चौक की तो उसमें उसके बेटे का मोबाइल फोन मिला, जो बंद था। सुबह करीब 8 बजे के करीब जब वह ट्रामा सेंटर रेवाड़ी पहुंचा तो पता चला कि उसके लड़के लोकेश की मृत्यु हो गई है। उसके शरीर पर डंडों से काफी चोटें लगी हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफथाना मॉडल टाऊन में हत्या का मामला दर्ज करके मामले में 6 आरोपियों आकाश उर्फ सन्नी, हंसराज पोसवाल, सचिन, साहिल अधाना, धर्मेन्द्र उर्फभोला व चिराग को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में अब सागर को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## केंद्र सरकार के बजट की उद्योगपतियों ने की सराहना, बहादुरगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र के विकास की उम्मीद

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**बहादुरगढ़।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 को बहादुरगढ़ के उद्योगपतियों ने बेहद सकारात्मक और प्रगतिशील बताया है। बजट की सराहना करते हुए बहादुरगढ़ चौंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) और कनफेडरेशन ऑफइंडस्ट्रीज ने इसे उद्योगों के लिए लाभकारी करार दिया। बीसीसीआई के प्रधान सुभाष जग्गा ने कहा कि बजट संतुलित और विकासोन्मुखी है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और उद्योग जगत को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने विशेष रूप से फुटवियर उद्योगों के लिए नई स्कीम की घोषणा को उत्साहजनक बताया, जिससे बहादुरगढ़ का




औद्योगिक क्षेत्र और अधिक विकसित होगा। कोबी के प्रधान परवीन गर्ग ने अन्य पदाधिकारियों के साथ बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि यह उद्योग जगत को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला बजट है। महासचिव प्रदीप कौल, उपाध्यक्ष विपिन बजाज, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ और कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल ने भी बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि खिलौना निर्माण को बढ़ावा देने की योजना स्वागत योग्य है। इससे भारत को वैश्विक खिलौना हब के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी और क्षेत्र के खिलौना निर्माताओं को नई संभावनाएं मिलेंगी। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी निर्माण के लिए आवश्यक पूंजीगत वस्तुओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी में छूट से सेल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की लागत में कमी आएगी, जिससे नवोदित उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। व्यापार सुगमता की दिशा में नवीनीकृत केवाईसी रजिस्ट्री का शुभारंभ, टैरिफ दरों में कमी और टीडीएस-टीसीएस मानदंडों के सरलीकरण जैसे सुधारों को भी सराहा गया। हालांकि, उद्योगपतियों ने यह भी चिंता जताई कि केंद्र और राज्य सरकारें उद्योगों और औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए हर साल बजट बनाती हैं, लेकिन कई बार इन योजनाओं का धन धरातल पर सही ढंग से उपयोग नहीं हो पाता। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि बजट में किए गए वादों को प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि औद्योगिक क्षेत्र को वास्तविक लाभ मिल सके।

## पुष्पा अंदाज में दिखे मंत्री विज, कहा- जो कुछ मैं बोलता हूं वह मेरी आत्मा बोलती है, दबाया नहीं जा सकता

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**अंबाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज आज पुष्पा अंदाज में दिखे और झुकेगा नहीं वाला पुष्पा साइन ऑफकिया। पत्रकारों के द्वारा एक्स पर किए गए ट्वीट के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह सच है कि मैं कुछ नहीं बोलता तथा मेरी क्या हैसियत है और जो कुछ भी मैं बोलता हूं वह मेरी आत्मा बोलती है और आत्मा की आवाज को दबाया नहीं जा सकता।

इस दौरान गत दिवस दिए गए बयान के 100 दिन हो गए और कोई कार्रवाई नहीं हुई तथा इसके बाद अंबाला के डीसी को बदल दिया गया, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कहा कि यह आते-जाते रहते हैं इससे कोई ताल्लुक नहीं है।

अगर हुड्डा ने ऐसा कहा है तो उनका धन्यवाद

विज के गत दिवस बयान के संबंध में संबंध में दीपेंद्र हुड्डा ने ट्वीट करके कहा है कि हरियाणा मंक अफसरशाही हावी है और मंत्रियों को मंत्री नहीं माना जाता, के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर हुड्डा साहब ने ऐसा कहा है तो उनका धन्यवाद।

केंद्रीय बजट बहुत ही बेहतरीन और सर्वांगीण विकास का बजट

केंद्रीय बजट के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कहा कि केंद्रीय बजट बहुत ही बेहतरीन और



सर्वांगीण विकास का बजट है और हर वर्ग के लाभ का बजट प्रस्तुत होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री बहुत ही है और जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है तब से वह वित्त मंत्री हैं तथा देश की अर्थव्यवस्था में बहुत सुधार हुआ है। विज ने कहा कि इस बार जीएसटी और इनकम टैक्स के संग्रहण में बहुत बढोतरी हुई है।

राष्ट्रपति से गांधी परिवार को झुक कर माफी मांगनी चाहिए

प्रियंका गांधी ने बजट भाषण के दौरान राष्ट्रपति को बेचारी बोल दिया, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह तो (प्रियंका गांधी व गांधी परिवार) सारे देश को बेचारा मानते हैं, यह अपने आप को राजा और हमें गुलाम मानते हैं। अंग्रेज इस देश को 1947 में छोड़कर चले गए लेकिन इनके (गांधी परिवार) अंदर से अंग्रेज आज तक नहीं गए, यह (गांधी परिवार) आज भी अपने आप को मलिक मानते हैं। राष्ट्रपति से इनके सारे परिवार (गांधी परिवार) को झुक कर माफी मांगनी चाहिए।

## व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ने लगाए आरोप, कहा- बिना रिश्वत नहीं होते काम, कार्रवाई की उठाई मांग

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**रोहतक।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग का कहना है कि प्रदेश में सुविधा शुल्क के नाम पर सरकारी विभागों में पैसे लिए जाते हैं। तहसील, आबकारी एवं काराधन विभाग, मार्केट कमेटी व प्रदुषण विभाग के साथ-साथ नगर निगम तो भ्रष्टाचार का अड्डा बन गए हैं। गर्ग रोहतक पहुंचे और व्यापारियों की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में ये आरोप लगाए। गर्ग ने कहा कि प्रोपर्टी आईडी सर्वे का ठेका सत्ता के नजदीक व्यक्ति को दिया गया। त्रुटियों के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। प्रदेश की जनता पिछले ढाई साल से अपनी प्रोपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए नगर निगम में धक्के खा रही है। उन्होंने कहा कि तहसीलों में बिना रिश्वत दिए रजिस्ट्री व इंतकाल तक नहीं होते है। तहसीलों में काम करवाने के लिए सरकारी अधिकारियों ने दलाल छोड़ रखे हैं। बजरंग गर्ग ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मांग की है कि हरियाणा में भष्टाचार खत्म करने के लिए सरकारी अधिकारियों पर लगाम लगाई जाए और भष्टाचार खत्म करने के लिए सरकार को इंस्पेक्टर राज खत्म करना चाहिए। सेवा व सुविधा शुल्क लेने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ताकि आम लोगों को राहत मिल सकें। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता की सुरक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने चाहिए ताकि कोई भी अपराधी प्रदेश में फायरिंग करके फिरौती व मंथली ना मांग सके। इस अवसर पर व्यापार मंडल घड़ी ऐसोसिएशन के प्रदेश संयोजक गौरव मित्तल, व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव रमेश खुराना, जिला प्रधान पंकज सचदेवा, प्रदेश कार्यकारि सदस्य राजीव अत्री, कमलेश चहल, प्रेम आहूजा, महेश आहूजा, संजय सोनी, गुलशन गिरधर, सुनील बडक, नवक्षेत्रपाल एडवोकेट, जितेंद्र बधवा, राजकुमार आहुजा, राजकुमार जिंदल, पंकज सपड़ा,रामजी गहलोत, प्रिंस साहनी, प्रवीण वधवा आदि व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद थे।

## एनडीआरएफका सर्च अभियान जारी, दो महिलाएं व दो बच्चों समेत पांच शव बरामद

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**रतिया।** फतेहाबाद के गांव सरदारेवाला के पास शुक्रवार देर रात को क्रूजर गाड़ी भाखड़ा नहर में गिर गई थी। शनिवार सुबह एनडीआरएफटीम द्वारा चलाए गए सर्च अभियान के बाद दो महिलाओं, दो बच्चों समेत पांच शव फतेहपुर हेड के पास बरामद किए गए है। फिलहाल 6 लोग अभी लापता है। बता दें कि शुक्रवार देर रात को फाजिल्का में आयोजित शादी समारोह से गांव महमड़ा निवासी परिवार क्रूजर गाड़ी से वापस लौट रहा था। जब गांव सरदारेवाला के पास पहुंचे तो धुंध के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई थी। गांव महमड़ा निवासी जरनैल सिंह ने कूदकर जान बचा ली थी। जबकि अन्य लोग नहर में डूब गए। गाड़ी निकाली गई तो उसमें से दो लोगों को बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया। जिसमें युवक को मृत घोषित कर दिया था जबकि बच्चा स्वस्थ बताया जा रहा है।

10 साल के अरमान ने दिखाई हिम्मत, गाड़ी के टूटे शीशे से निकलकर आया बाहर

भाखड़ा नहर में क्रूजर गाड़ी गिरने के बाद 10 साल के अरमान की जान बची है जबकि उसके माता-पिता और बहन भी गाड़ी में सवार थे। गांव रियोंद निवासी अरमान का अस्पताल में उपचार चल रहा है। अरमान से जब घटना के बारे में पूछा गया तो उसने कहा कि ओनू लगा (चालक को) सडक़ आ गई तो गड्डी मोड़ ली ते फिर नहर विच डिग गई। अरमान ने बताया कि गाड़ी नहर में गिरने के बाद आगे का शीशा टूट गया और पिछली तरफ की खिडक़ी भी खुल गई। इसके बाद वह निकल कर गाड़ी के ऊपर आ गई और कई देर तक पड़ा रहा। इसके बाद वहां आए लोगों ने बाहर निकाला। अरमान ने बताया कि वह अपने पिता जसविंद्र, मां रविंद्र कौर और छोटी बहन के साथ लाधुका मंडी में शादी में गए थे।

**गाड़ी से खुद बाहर निकल कर आए जरनैल सिंह ने बताई आपबीती**

क्रूजर गाड़ी भाखड़ा नहर में गिरने के बाद सबसे पहले खुद ही गांव महमड़ा निवासी जरनैल सिंह बाहर निकल कर आया था। नहर से बाहर आने के बाद उसने पहले गुजरे राहगीरों से मदद मांगी लेकिन नहीं मिली और फिर आगे चला गया। वहां बैठे दो राहगीरों ने गांव सरदारेवाला पहुंचाया और गांव में अनाउसमेंट करवाकर ग्रामीणों को एत्रित किया। इसके बाद काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। जरनैल ने कहा कि मैं गड्डी तो निकलन दी कोशिश की तां बच गई जान, तैरना आंदा सी। महमड़ा निवासी जरनैल सिंह ने आप बीती बताते हुए बताते हुए बताया कि गांव महमड़ा से 28 जनवरी को मासी के बेटे की शादी में गए थे। 29 को बारात में गए थे और 31 जनवरी को पार्टी के बाद वहां से चले थे। जब डबवाली के पास पहुंचे तो धुंध आ गई थी। मामा गाड़ी चला रहा था। जब गाड़ी गिरी तो उसने तुरंत खिडक़ी को खोला लेकिन नहीं खुली।

## दोस्त की लाश को ठिकाने लगाने के लिए ओएलएक्स पर खरीदी थी कार, पुलिस ने किया सनसनीखेज खुलासा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

निर्मला सीतारमण के अनुसार, इस संस्थान के जरिए युवाओं को हुनरमंद बनाने की तैयारी है। इसके साथ ही उन्हें उद्यमिता और रोजगार प्राप्त करने के अवसर पैदा होंगे। बिहार में नए ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाएंगे। इसके जरिए पश्चिमी कोसी नहर परियोजना को भी आर्थिक मदद दी जा रही है। इससे उत्तरी बिहार के 50 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की सहूलियत बढ़ेगी। इससे मिथिलांचल की कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। यूं तो हर बजट सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक भी होता है। लेकिन आयकर छूट और बिहार को मिलने वाली विशेष सहायता योजनाओं के संदर्भ में यह राजनीतिक बजट भी है। हालांकि इन पंक्तियों को लिखे जाने तक किसी ने इस नजरिए से बजट पर सवाल नहीं उठाया है, लेकिन यह तय है कि इन प्रस्तावों से दिल्ली और बिहार के वोटरों को लुभाने की कोशिश की गई है।कुल मिलाकर कह सकते हैं कि बजट के जरिए लोक को साधने के साथ ही आर्थिक स्थिति को भी बेहतर बनाने की कोशिश है। हालांकि लोगों को उम्मीद थी कि जीएसटी दरों में राहत मिलेगी, मध्य वर्ग को कर्ज मुक्ति मिलेगी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। लेकिन कह सकते हैं कि यह बजट कुछ संदर्भों में लोकलुभावन है तो कुछ अर्थों में नहीं। इन अर्थों में यह राजनीतिक भी है और राजनीतिक हित साधने का साधन भी।

# 'खास' साड़ी पहनकर हस्तशिल्प को बढ़ावा



**न्यू ट्रेंड**

डॉ. रमेश ठाकुर

वरिष्ठ स्तंभकार

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने कार्यकाल का 8वां बजट पेश किया, लेकिन कोई ऐसा बजट उनका नहीं रहा, जब उन्होंने बजट के दिन कोई 'खास' साड़ी पहनकर हस्तशिल्प कला के प्रचार को बढ़ावा न दिया हो। देशभर में जितनी चर्चा आम 'बजट' की हो रही हैं, उतनी ही उस चमकदार 'साड़ी' की भी है जिसे निर्मला सीतारमण ने बजट के दौरान संसद में पहना? वित्तमंत्री ने पहली फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करने के मौके पर ऐसी खास साड़ी पहनी जिसने संसद सदस्यों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करवाया। क्या पक्ष, क्या विपक्ष सभी में साड़ी को लेकर खूब चर्चाएं होती रहीं। साड़ी की खूबसूरत डिजाइन, फॉक, कढ़ाई, इम्ब्राइडरी, चमकदार सूत और स्वनिर्मित पेंटिंग का मिश्रित स्वरूप सभी को मोहित किया। मैजेंटा बॉर्डर की सफेद रंग की मंगलागिरी सिल्क साड़ी की खूबसूरती को देखकर संसद सदस्य अचरज में पड़ गए और आपस में गपशप होने लगी कि साड़ी किस प्रदेश की बनावट है। दरअसल, निर्मला सीतारमण की वो ख़ास साड़ी बिहार के मधुबनी में निर्मित हुई थी। साड़ी को नामचीन हस्तशिल्प कलाकार व पद्मश्री विजेता दुलारी देवी उर्फ चाची ने बनाकर वित्तमंत्री को भेंट किया था। कुछ समय पूर्व वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जब बिहार में 'मिथिला कला संस्थान' में आयोजित 'क्रेडिट आउटरीच' प्रोग्राम में मधुबनी गई थीं, तब उनकी मुलाकात दुलारी देवी से हुई थी। तभी दुलारी देवी ने उन्हें ये साड़ी भेंट की थी और गुजारिश की थी कि उसे बजट पेश करने के दौरान ही पहनें। उनके विशेष आग्रह पर ही निर्मला सीतारमण ने मधुबनी पेंटिंग वाली साड़ी को पहना। वित्त मंत्री ने न सिर्फ दुलारी देवी की भावनाओं का कद्र किया, बल्कि भारत की 'पारंपरिक हस्तशिल्प कला' के प्रति आदर-सम्मान भी दिया। साड़ी पर कुरेदी गई कलाकारी आंध्रप्रदेश संस्कृति के प्रतीक को प्रदर्शित कर रही थी। जिसे दुलारी देवी ने करीब 20 दिनों में स्वयं तैयार किया था। साड़ी की चर्चा जब से होनी शुरू हुई है, लोग उनके संबंध में जानकारियां जुटा रहे हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर लोग पड़ताल कर रहे हैं। खैर, चलिए हम बताते हैं कौन हैं चाची और उनका व्यक्तित्व? चाची यानी दुलारी देवी का जन्म बिहार के मधुबनी जिले के एक छोटे से गांव 'मलियापुर' में मल्लाह जाति में हुआ था। पारिवारिक सदस्य शुरू से मछली पकड़ने और मजदूरी के कार्य में लगे हैं। उनका जीवन बेहद कठिनाइयों में बीता। पारिवारिक परिवेश ऐसा रहा ,जहां महिलाओं को कला-हुनर से सदैव दूर रखा गया। पर, उन तमाम बंदिशों की बेड़ियों को तोड़कर इस दलित आर्टिस्ट ने नया इतिहास लिखा। उनकी बनाई पेंटिंग वाली साड़ी को आज हर कोई सराहता है। उनके हुनर को देखते हुए ही केंद्र सरकार ने दुलारी देवी को पद्मश्री से नवाजा। उनके जीवन में कुछ ऐसी परिस्थितियां आईं कि उन्होंने मधुबनी पेंटिंग को अपने जीवन में पूरी तरह से आत्मसात कर भविष्य ही बना लिया। जिसका परिणाम ये है कि आज चाची सफलता के शिखर पर हैं और उनकी बनाई साड़ी को देश की वित्तमंत्री ने पहनकर बजट पेश किया। इसके अलावा रेडियो प्रसारण 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनकी तारीफ कर चुके हैं। वित्तमंत्री अपने प्रत्येक बजट में विभिन्न प्रदेशों की प्रसिद्ध साड़ियां पहनती हैं। 2024 के बजट में उन्होंने आंध्र प्रदेश संस्कृति में पहनी जाने वाली साड़ी को पहना था। 2023 में उन्होंने काले बॉर्डर और सुनहरे डिजाइन वाली रेड टेम्पल साड़ी पहनी थी, जो साउथ के धार्मिक अवसरों पर पहनी जाती है। इसी कड़ी में 2022 में उन्होंने ओडिशा की पारंपरिक रस्ट ब्राउन बॉमकै साड़ी पहनी थी, जो अपनी सादगी और बारीक कढ़ाई के लिए प्रसिद्ध है। वहीं, 2021 के बजट में उन्होंने हैदराबाद की प्रसिद्ध रेड एंड ऑफ-व्हाइट पोचमपल्ली साड़ी पहनी थी। उससे पहले 2020 में उन्होंने सुनहरे पीले रंग की सिल्क साड़ी पहनी थी, जिसमें नीली बॉर्डर थी। 2019 में जब निर्मला सीतारमण का पहला बजट था, तब उन्होंने गुलाबी रंग की मंगलागिरी साड़ी पहनी थी, जिसमें सुनहरे बॉर्डर की सुंदर कढ़ाई थी। उनकी वह साड़ी काफी यादगार है।

# आर्थिक सुधारों को गति देने की पटकथा



**बजट आर्थिकी**

डॉ. सुनील कुमार मिश्र

एसोसिएट प्रोफेसर, विवेकानंद इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, नई दिल्ली

विगत कुछ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है, जिससे यह उम्मीद जगी है कि आगामी कुछ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व के तीन अग्रणी देशों में स्थान बना लेगी। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में प्रस्तुत पूर्ण बजट भी आर्थिक सुधारों की पटकथा लिखने का प्रयास है, जिसमें मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के साथ ही कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव का ताना-बाना बुनने का प्रयास किया गया है। इस बजट में एक तरफ तकनीकी, कौशल, एवं नवाचारों से जुड़ी कई योजनाओं को सम्मिलित किया है तो वहीं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को भी महत्त्व दिया गया है।

## मध्यवर्गीय करदाताओं को राहत

बजट में मध्यमवर्गीय करदाताओं को राहत देकर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले इस वर्ग को महंगाई के इस दौर में राहत आवश्यक है, और यह तभी संभव है जब मध्यम वर्ग आर्थिक रूप से मजबूत हो। वर्तमान महंगाई दर का दंश झेलने वाले मध्यमवर्ग के चेहरे पर मुस्कान लाकर सरकार ने आगामी चुनावों में भी बढ़त हासिल करने की ओर कदम बढ़ा दिया है क्योंकि इस बजट ने मध्यम वर्ग को संजीवनी देने का कार्य किया है। सरकार ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि समग्र विकास प्रक्रिया में इस वर्ग को भी जोड़ा जा सके क्योंकि पिछले कुछ बजट में निम्न वर्ग के लिए तो कई योजनाएं थीं परन्तु मध्यमवर्ग को विशेष राहत नहीं मिल सकी थी जिससे यह वर्ग उपेक्षित महसूस कर रहा था। अब 12 लाख की वार्षिक आय वाले व्यक्ति को टैक्स नहीं देना होगा जबकि 18 लाख वार्षिक आय वाले व्यक्ति को 70 हजार की बचत, एवं 25 लाख तक की आय वाले व्यक्ति को 1 लाख 10 हजार की बचत का मार्ग प्रशस्त करके सरकार ने नौकरीपेशा लोगों को आकर्षित करने का सार्थक प्रयास किया है। विकास एक बहुआयामी प्रक्रिया है जो बदलाव एवं प्रगति की प्रक्रिया से सर्वथा भिन्न है। यह प्रक्रिया समाज के सभी अंगों की सहभागिता के बिना पूर्ण नहीं हो सकती है, और यह तभी संभव है जब सरकार समाज के सभी वर्गों की सामाजिक, राजनैतिक, एवं आर्थिक सहभागिता सुनिश्चित करे। सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट सिर्फ आर्थिक लेखा-जोखा से जुड़ी प्रक्रिया न होकर, राष्ट्र के विकास में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने की वह प्रक्रिया है जिससे राष्ट्र के सशक्तिकरण में मदद मिलती है। बजट से यह सुनिश्चित होता है कि सरकार देश को किस दिशा में ले जाना चाहती है, साथ ही सरकारी योजनाओं को क्या स्वरूप देना चाहती है? सरकारी योजनाओं के संचालन का देश पर असर क्या होगा, एवं उन योजनाओं से देश की जनता एवं देश की सेहत पर क्या असर होगा?

## विकसित भारत की ओर अग्रसर

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट विकसित भारत की ओर बढ़ने का प्रयास है जिसके केंद्र में शिक्षा सुधार है तो स्वास्थ्य सुधार के उपाय भी हैं, पर्यटन को बढ़ावा देने की कार्ययोजना है तो वहीं निर्यात को बढ़ावा देने के



लिए उत्प्रेरक रूपी योजनाएं भी हैं। मोदी सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में जिस प्रकार से मातृभाषा को बढ़ावा देने की योजना को समाहित किया है, उसके लिए प्रस्तुत भारतीय भाषा पुस्तक योजना से मदद मिलेगी। वर्तमान तकनीकी परिवेश में शिक्षा को तकनीकी से जोड़ने का प्रयास हो अथवा 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन ए आई' को स्थापित करने की योजना, सरकार की दूरदृष्टि की ओर इशारा करता है। एक ओर सरकार का प्रयास है कि भारतीय भाषाओं एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को महत्त्व मिले तो वहीं सरकार वैश्विक चुनौतियों पर भी नजर रखे हुए है। सरकार यह जानती है कि भारतीय ज्ञान परम्परा राष्ट्रबोध के लिए आवश्यक है तो वहीं उसे यह भी पता है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस युग में भारतीय मानव संसाधन के लिए वैश्विक चुनौतियां क्या हैं? मेडिकल एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा क्षेत्र में विस्तार की योजना को केंद्र में रखकर सरकार ने 'मेडिकल ट्यूरिज्म' एवं अपनी 'अन्तरिक्ष' योजना को भी पंख लगाने का कार्य किया है। मेडिकल सीटों की संख्या में बढ़ोतरी हो या फिर नए आईआईटी संस्थानों की स्थापना, भविष्य को देखते हुए सकारात्मक कदम कहे जा सकते हैं। प्रस्तुत बजट में कृषि एवं किसानों की स्थिति को सुधारने से जुड़ी कई योजनाओं को सम्मिलित किया गया है जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 5 लाख तक किए जाने, कृषि जगत को तकनीकी से जोड़ने सम्बंधित योजना, मखाना एवं कपास की खेती करने वाले किसानों के लिए विशेष योजना, कृषि उत्पादों के भण्डारण एवं विपणन से जुड़ी योजना प्रमुख है जिससे कृषि क्षेत्र के सशक्तिकरण में मदद मिलेगी एवं किसानों की आय में भी वृद्धि होगी, जिससे कृषि प्रधान देश भारत कृषि उत्पादों के उत्पादन, प्रबंधन एवं विपणन से आवश्यक लाभ ले सकेगा। बजट में बिहार को विशेष महत्त्व दिया गया है। ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट एवं मखाना बोर्ड की योजना एक सार्थक कदम है। सरकार के इस बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को भी विशेष महत्त्व दिया गया है जिसमें जीवन रक्षक दवाओं में विशेष छूट, मेडिकल उपकरण को सस्ता करने का प्रयास, एवं मेडिकल छात्रों की संख्या बढ़ाकर स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने जैसी योजनाएं सम्मिलित हैं। वर्तमान एवं भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों को ध्यान में रखकर सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र को विस्तार देने का प्रयास किया है जिससे भारतीय नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें, साथ ही अन्य देशों के मरीजों को भी 'मेडिकल ट्यूरिज्म' की योजना से जोड़ा जा सके। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को विस्तार देकर सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वह सबका साथ, सबका विकास के ध्येय को लेकर आगे बढ़ रही है जिससे भविष्य का भारत समृद्ध एवं सशक्त हो सके। जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ाकर सरकार ने स्वच्छ पेयजल को सुनिश्चित करने की ओर कदम बढ़ाया है तो वहीं आर्थिक गतिविधियों में महिला भागीदारी को बढ़ावा देने का भी प्रयास किया है।

## लघु उद्योग को भी बढ़ावा

दलित एवं आदिवासी समाज को विकास प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास किया है तो वहीं लघु उद्योग को भी बढ़ावा देने का प्रयास किया है। स्टार्ट अप को प्रोत्साहित करने की योजना है तो वहीं धार्मिक महत्ता के पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने एवं लोगों को इस ओर आकर्षित करने की दृष्टि भी है। विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए वीजा नियमों को आसान बनाने की योजना से निश्चित रूप से लाभ मिलने की संभावना है। निश्चित रूप से वर्तमान सरकार का यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए कदम के रूप में देखा जा सकता है। हालांकि सरकार को दीर्घकालीन योजनाओं के साथ ही वार्षिक योजनाओं को भी केंद्र में रखना चाहिए जिससे एक निश्चित समयान्तराल में उसकी समीक्षा की जा सके।

# इस बजट से बदल पाएगी कृषि की सूरत!



**खेती-किसानी**

रवि शंकर

वरिष्ठ स्तंभकार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में किसानों और एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए कई नई स्कीमों का ऐलान किया है। कृषि क्षेत्र के लिए बजट में 1.71 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। किसान क्रेडिट कार्ड से लोन की सीमा तीन लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी। इसके अलावा निर्मला सीतारमण ने किसानों के लिए 'पीएम धन धान्य कृषि योजना' का ऐलान किया। इस योजना का मकसद कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए नीति तैयार करना है। इस स्कीम के तहत देश के उन 100 जिलों पर फोकस किया जाएगा, जहां कृषि उत्पादन कम है। माना जा रहा है कि इससे देश के 1.74 करोड़ किसानों को सीधे तौर पर फायदा होगा। इस योजना के साथ ही मखाना किसानों के लिए एक विशेष बोर्ड बनाने, किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने, उन्नत बीज मिशन और कपास उत्पादन के लिए पांच साल की योजना लागू करने की घोषणा की गई है। वहीं भारत को दालों में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने छह साल के विशेष मिशन की घोषणा की है।

## दाल उत्पादकों को प्रोत्साहन

तुअर, उड़द और मसूर दालों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार की एजेंसियां अगले चार वर्षों तक इनकी खरीद करेंगी। कहा जा रहा है कि इससे दाल उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा और घरेलू बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। यूं कहें कि बजट में कृषि के उत्पादन में उत्पादकता और लचीलापन लाने पर पूरा फोकस किया गया है। जो हर बार की तरह इस बार भी बजट में देखने को मिला। लेकिन कृषि क्षेत्र के लिए वित्त मंत्री ने वैसा कोई ठोस ऐलान नहीं किया, जिससे किसानों को सीधा फायदा उनकी जेब में आता दिखे। वित्तमंत्री ने कहा कि ये बजट ग्रामीण, युवाओं, और छोटे किसानों पर फोकस करते हुए पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 100 जिलों में कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने का काम करेगी।

## एमएसपी की गारंटी पर चुप्पी

हमारा लक्ष्य राज्यों के साथ मिलकर कृषि का विकास करना है। लेकिन गौर करने वाली बात ये है कि वित्त मंत्री ने बजट में एमएसपी की गारंटी देने के संबंध में कुछ नहीं कहा। जबकि किसान संगठन लंबे समय से एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। चंद राज्यों को छोड़ दें तो एमएसपी पर खरीद का ठोस तंत्र तक नहीं है। साथ ही किसान सम्मान निधि की राशि में भी वित्त मंत्री ने कोई बढ़ोतरी नहीं की है।

## किसान सम्मान निधि यथावत

यानी पहले की तरह अब भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को साल में 6,000 रुपए ही मिलेंगे। जबकि खेती की बढ़ती लागत को देखते हुए किसान और किसान नेता पीएम किसान निधि में बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहे थे। किसान सम्मान निधि के तौर पर किसानों को साल भर में 3 किस्तों में 6 हजार रुपए दिए जाते हैं। समय और महंगाई बढ़ने के साथ ही इस राशि में बढ़ोतरी ना हो तो इसका मतलब है कि सरकार



अपने ही वादे के खिलाफ जा रही है। अहम बात ये है कि कृषि प्रधान देश भारत में आजादी के 77 साल बाद भी किसानों की समस्याएं दूर नहीं की जा सकी हैं। किसान अपने आप को आर्थिक रूप से सबसे कमजोर मान रहा है।

## आय बढ़ाने का लक्ष्य अधूरा

समाज के हर वर्ग की आय साल-दर-साल बढ़ रही है, लेकिन किसान कर्ज के जंजाल से बाहर नहीं निकल पा रहा है। किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य अभी कई चुनौतियों के बीच संघर्ष कर रहा है। भारत के ज्यादातर किसान अब अपने बच्चों को खेती की जिम्मेदारी नहीं सौंपना चाहते हैं। भारतीय कृषि व्यवस्था में अपनी पूरी जिंदगी खपाने वाले किसान आज खेती को घाटे का सौदा बताते हैं।

आखिर क्या कारण है कि तमाम प्रयासों के बावजूद कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान सरकार नहीं कर पाई है। इस पर गंभीर चिंतन की जरूरत है। जबकि आज भारत विश्व की टॉप पांच सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। लेकिन आजादी के बाद योजनाबद्ध तरीके से कृषि में निवेश के बाद भी भारतीय किसान दूसरे देशों के मुकाबले काफी पिछड़ा हुआ है। देश की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता वैश्विक औसत से कम है। दूसरी तरफ देशभर में किसानों के असंतोष का सबसे बड़ा कारण उनकी उपज का सही मूल्य न मिलना रहा है और यही उनकी सबसे बड़ी समस्या है। किसानों की समस्याएं कोई नई नहीं हैं, लेकिन उनके समाधान की ईमानदार कोशिशें होती कभी नज़र नहीं आई।

देखा ये गया है कि समय बीतने के साथ किसानों की हालत में कोई बहुत बड़ा क्रांतिकारी सुधार नहीं हुआ है। किसानों को संतुष्ट करने के लिए देश के नीति-निर्धारक समय-समय पर जो उपाय करते हैं, वे तात्कालिक राहत पहुंचाने वाले होते हैं। इन उपायों के तहत किसानों को लुभाने वाले कदम उठाए जाते हैं, जबकि ज़रूरत ऐसे संरचनात्मक उपायों की है जो दीर्घकालिक हों और किसानों की समस्या को स्थायी तौर पर हल कर सकें। कृषि को अभी तक की जो भी सरकारें सत्ता में रही हैं, वह सिर्फ देश की आवाम का पेट भरने तक का ही संसाधन मानती आई हैं। कृषि के माध्यम से देश की जीडीपी बढ़ाने पर कभी गहन मंथन नहीं हुआ है।

देश के अलग-अलग हिस्सों में किसानों की समस्याएं अलग हो सकती हैं, लेकिन कुछ समस्याएं हैं जो सब किसानों के साथ है। पिछले कई सालों से खेती करने की लागत जिस तेजी से बढ़ती जा रही है, उस अनुपात में किसानों को मिलने वाले फसलों के दाम बहुत ही कम बढ़े हैं। किसानों को उम्मीद थी कि इस बार बजट में सरकार खेती-किसानी के साथ-साथ छोटे किसानों के लिए कुछ अहम घोषणाएं करेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## छोटे किसान खाली हाथ

कहने को बजट में कृषि सेक्टर के लिए योजनाओं का अंबार है, लेकिन छोटे किसानों के लिए समस्याओं का समाधान होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। इस समस्या पर कोई गौर होता नहीं दिख रहा कि किसानों को उनका बकाया कैसे दिलवाया जाए या उनकी आर्थिक सेहत को कैसे ठीक किया जाए। भारत के ज्यादातर किसानों के पास कृषि में निवेश के लिए पूंजी का अभाव है। आज भी देश के ज्यादातर किसानों को व्यावहारिक रूप में संस्थागत ऋण सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता। कई बार किसानों के पास इतनी भी पूंजी नहीं होती कि वे बीज, खाद, सिंचाई जैसी बुनियादी चीजों का भी प्रबंध कर सकें। इसका परिणाम यह होता है कि किसान समय से फसलों का उत्पादन नहीं कर पाते। ऐसे में सवाल फिर यही खड़ा होता है कि किसानों के लिए ये बजट लाभदायक कैसे हो सकता?

# Finance Minister walking on worn-out path, not willing to break free: Congress

● Ruling BJP is wooing tax-paying middle-class and Bihar electorate, says the Opposition party

New Delhi, Feb 1 Asserting that the BJP-led Centre has "no new ideas", the Congress on Saturday said Finance Minister Nirmala Sitharaman is walking on the "worn-out path" and not willing to break free as its governments had done in 1991 and 2004.The Opposition party said the takeaway from the Union Budget 2025-26 is that the ruling BJP is wooing the tax-paying middle-class and the Bihar electorate.

Addressing a press conference here along with his party colleague Gaurav Gogoi, senior Congress leader and former finance minister P Chidambaram said these announcements will be welcomed by the 3.2 crore tax-paying middle class and the 7.65 crore voters of Bihar.But for the rest of India, the finance minister had nothing more than soothing words, punctuated by the applause of Bharatiya Janata Party (BJP) members led by Prime Minister Narendra Modi, he said."There is nothing to cheer about the fact that the government has improved the fiscal deficit from the budget estimate of 4.9 per cent to the revised estimate of 4.8 per cent. It was achieved at a huge cost to the economy," Chidambaram said.

"Those who did not believe us when we said that the economy is slowing down will, I hope, believe us now. Those who did not believe us that the capacity of the government to plan and implement schemes has diminished will, I hope, believe us now," he added.The Congress leader said capital expenditure for 2025-26 has been increased by Rs 1,02,661 crore but "having regard to the experience of 2024-25, I doubt the capacity of the government to achieve the target"."I am glad, however, that the finance minister has shed her faith in astrologically-determined numbers," the former Union minister said.He said it is evident that neither the finance minister nor the prime minister cares for the advice of the chief economic adviser (CEA)."He gave sensible advice in the Economic Survey. 'Get out of the way' was his call to the government.

On the contrary, the budget is full of new schemes and programmes, many of which are beyond the capacity of this government. I counted at least 15 new schemes or programmes and four new funds," Chidambaram said. The finance minister is "walking on the worn-out path and not willing to break free as we did in 1991 and 2004", the Congress leader added."She is not willing to de-regulate. She is not willing to get out of the way of people, especially entrepreneurs and MSMEs and start-ups. It is the bureaucracy that will be happy with this budget. The government's stranglehold on the activities of people is getting tighter," the senior Congress leader said. He said the economy will trudge along on the old path and deliver no more than the usual 6-per cent or 6.5-per cent growth in 2025-26.



## From airport to makhana board, poll-bound Bihar gets big pie in Union Budget 2025

New Delhi, Feb 1 The Union Government on Saturday unveiled several big-ticket plans for poll-bound Bihar in the FY26 Budget, which include setting up of a makhana board, a greenfield airport as well as financial support for Western Koshi Canal Project in the Mithilanchal region of the state.

In the Union Budget 2025-26, Finance Minister Nirmala Sitharaman also announced the establishment of a National Institute of Food Technology, Entrepreneurship and Management in Bihar and the expansion of hostel and other infrastructure capacity at IIT-Patna.Other announcements for Bihar include the capacity expansion of Patna airport and development of a brownfield airport at Bihta.

While announcing the setting up of a makhana board in the state, Sitharaman said, "There is a special opportunity for the people of Bihar. A makhana board will be established in the state to improve production, processing, value addition, and marketing of makhana." People engaged in these activities will be organised into FPOs (Farmer Producer Organization), which will provide handholding and training support to makhana farmers. These FPOs will also work to ensure they receive the benefits of all relevant government schemes, she added.Moreover, in line with the "government's commitment towards 'Poorvodaya', we will establish a National Institute of Food Technology, Entrepreneurship and Management in Bihar", said Sitharaman.

Under the Poorvodaya scheme, the government is formulating an all-round devwelopment of the eastern region states covering Bihar, Jharkhand, West Bengal, Odisha and Andhra Pradesh.

The institute will provide a strong fillip to food processing activities in the entire eastern region. This will result in enhanced income for the farmers through value addition to their produce and skilling, entrepreneurship and employment opportunities for the youth.

Moreover, "greenfield airports will be facilitated in Bihar to meet the future needs of the state," she said.These will be in addition to the expansion of the capacity of Patna airport and a brownfield airport at Bihta, she added.The finance minister also announced support for the Western Koshi Canal Project in the Mithilanchal region of Bihar."Financial support will be provided for the Western Koshi Canal ERM Project benefitting a large number of farmers cultivating over 50,000 hectares of land in the Mithilanchal region of Bihar," she said.Besides, she also announced the expansion of the hostel and another infrastructure capacity at IIT-Patna.During the last budget in July 2024, the Centre announced several big-ticket measures for Bihar, proposing a total outlay of over Rs 60,000 crore for various projects, including funding for three expressways projects, a power plant, heritage corridors and new airports and sports infrastructure.

The Assembly election is scheduled to be held in the state later this year.Union minister and Lok Jan Shakti Party (Ram Vilas) chief Chirag Paswan hailed the budgetary announcements.

"Establishment of the National Institute of Food Technology, Entrepreneurship and Management in Bihar will strengthen food processing activities in the entire eastern region and increase the income of farmers by improving the quality of their produce," Paswan posted on X.

JD(U) working president Sanjay Jha hailed the announcement of setting up of a Makhana Board in Bihar, saying it will unlock new opportunities for the farmers and entrepreneurs.Stating that it will turn out to be a gamechanger for the region's agricultural economy, Jha said in a post on X, "The initiative will enhance production, processing, value addition, and marketing, driving economic growth in Mithila and Bihar."

## 1 crore more people will pay no income tax due to hike in rebate: FM Sitharaman

● Tax bouyancy of 1.42 is expected in next fiscal, lower than 2 in current fiscal

New Delhi, Feb 1 The government has put "substantial amount of money" in hands of people through rejig of I-T slabs in the Budget and an additional 1 crore people will pay no tax due to hike in tax rebate to Rs 12 lakh per annum, Finance Minister Nirmala Sitharaman said on Saturday.

The 2025-26 Budget hikes the tax rebate available to individual taxpayer to Rs 12 lakh from next fiscal, from Rs 7 lakh currently."One crore more people will pay no income tax due to hike in rebate to Rs 12 lakh," Sitharaman said at the post-Budget press conference.

"Government has put substantial amount of money in hands of people" through I-T rate rejig, she said, adding that the government has responded to the voice of people.The Budget has revised the tax slabs for computing tax liability on income earned in 2025-26 for those with income of more than Rs 12 lakh and filing ITR under new tax regime.Under the new slab, income of up to Rs 4 lakh will be exempt. A 5 per cent tax will be levied for income earned between Rs 4-8 lakh, 10 per cent for Rs 8-12 lakh, 15 per cent for Rs 12-16 lakh.A 20 per cent income tax will be levied on income between Rs 16-20 lakh, 25 per cent on Rs 20-24 lakh and 30 per cent above Rs 24 lakh per annum."We have reduced tax rates to benefit the middle class," Sitharaman added.



## Sitharaman starts with agriculture but what about 'farm loan waiver': Congress

▶ Sitharaman on Saturday said the Union Budget 2025-26 will initiate reforms in six areas of taxation, urban development, mining, financial sector, power, and regulatory framework

New Delhi, Feb 1 The Congress on Saturday attacked the Union government over its announcements in the Budget pertaining to the agriculture sector, saying Finance Minister Nirmala Sitharaman was "completely silent" on the demands of farmers, including MSP as a legal guarantee and farm loan waiver.

Sitharaman on Saturday said the Union Budget 2025-26 will initiate reforms in six areas of taxation, urban development, mining, financial sector, power, and regulatory framework.

In her Budget speech, she announced the PM Dhan Dhyan Krishi Yojana, covering 100 districts with low yields, modern crop intensity and below average credit parameters.

Hitting out at the government, Congress general secretary and in-charge of communications, Jairam Ramesh, said in a post on X, "The FM starts with agriculture but is completely silent on the demands of farmers and the recommendations of the Parliamentary Standing Committee on Agriculture -- MSP as a legal guarantee, farm loan waiver, inflation indexation of PM Kisan payouts and reforms to PM Fasal Bima Yojana."In another post, Ramesh said, "Make in India that had become Fake in India now has a new name: National Manufacturing Mission." He urged people to look at the Budget Estimates and Revised Estimates for 2024-25 and the proposed Budget Estimates for 2025-26 for certain schemes.



## Census, NPR unlikely in 2025 too as only Rs 574 crore allocated in budget

● According to officials, the entire census and NPR exercise is likely to cost the government more than Rs 12,000 crore

New Delhi, Feb 1 If budgetary proposals are anything to go by, the decadal census is unlikely to be carried out in 2025 as well with a meagre Rs 574.80 crore allocated for the exercise in the Budget presented on Saturday.A meeting of the Union Cabinet on December 24, 2019 had approved the proposal for conducting census of India 2021 at a cost of Rs 8,754.23 crore and updating the National Population Register (NPR) at Rs 3,941.35 crore.The house listing phase of the census and the exercise to update the NPR were scheduled to be carried out across the country from April 1 to September 30, 2020 but were postponed due to the COVID-19 outbreak.The census operation continues to be on hold and the government has not yet announced the new schedule.

The Budget 2025-26, presented by Finance Minister Nirmala Sitharaman on Saturday, allocated Rs 574.80 crore for Census, Surveys and Statistics/Registrar General of India (RGI), a significant reduction from the Budget 2021-22 when Rs 3,768 crore was allocated, and an indication the decadal exercise may not be carried out even after this significant delay.

The allocation under the head was Rs 572 crore in 2024-25.According to officials, the entire census and NPR exercise is likely to cost the government more than Rs 12,000 crore.This exercise, whenever it happens, will be the first digital census giving the citizens an opportunity to self-enumerate.The NPR has been made compulsory for citizens who want to exercise the right to fill the census form on their own rather than through government enumerators. For this, the census authority has designed a self-enumeration portal which is yet to be launched.



During self-enumeration, Aadhaar or mobile number will be mandatorily collected. The Office of the Registrar General and Census Commissioner had prepared around three dozen questions to be asked to the citizens.Those questions include whether a family has telephone, internet connection, mobile or smartphone, bicycle, scooter or motorcycle or moped and whether they own a car, jeep or a van.The citizens will also be asked questions such as the cereal they consume in the household, main source of drinking water, main source of lighting, access to latrine, type of latrine, waste water outlet, availability of bathing facility, availability of kitchen and LPG/PNG connection, main fuel used for cooking and availability of radio, transistor and television.The citizens will also be asked about the predominant material of floor, wall and roof of the census house, condition of the census house, total number of persons normally residing in the household, whether the head of the household is a woman, whether the head of the household belongs to Scheduled Caste or Scheduled Tribe, number of dwelling rooms exclusively in possession of the household and the number of married couple or couples living in the household among others.

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अभय सिंह सैनी द्वारा आर डी प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स (प्राइवेट) लिमिटेड A -24 सेक्टर 8 नोएडा से मुद्रित एवं नियर शिव मंदिर ग्राम बैंसी (204) नूंह हरियाणा से प्रकाशित संपादक: अभय सिंह सैनी आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 (प्रकाशित लेखों के लेखकों की राय से संपादक या प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं) किसी भी वाद विवाद की स्थिति में जिला नूंह न्यायलय ही मान्य होगा

# "Took me a while to realize we have won": Rohit Sharma recalls 2024 T20 World Cup victory

Mumbai, Feb 1 During the BCCI Awards 2025 in Mumbai on Saturday, Team India skipper Rohit Sharma recalled the time when he realised that his team had won the T20 World Cup 2024 which was played in the West Indies and the United States of America. Summarizing the ICC T20 World Cup, the Rohit Sharma-led side won the final by seven runs. Virat secured the 'Player of the Match' for his performance. Now, by securing their first ICC title since the Champions Trophy in 2013, India has ended their ICC trophy drought.After the T20 WC triumph, Suryakumar was appointed as the skipper in the shortest format of the game. Under his leadership, the Men in Blue clean-sweeped the Sri Lankan side in the three-match series.Speaking about the BCCI Awards 2025, India's legendary batter Sachin Tendulkar, pace spearhead Jasprit Bumrah, former off-spinner Ravichandran Ashwin and women's cricket team opener Smriti Mandhana were the notable winners at the Naman Awards 2025.

Here's a list of all winners at the BCCI Awards 2025:

Col. C. K. Nayudu Lifetime Achievement Award - Men: Sachin Tendulkar

Polly Umrigar Award - Best International Cricketer - Men: Jasprit Bumrah

Best International Cricketer - Women: Smriti Mandhana

Best International Debut - Men: Sarfaraz Khan

Best International Debut - Women: Asha Sobhana

BCCI Special Award: Ravichandran Ashwin

Highest Run-Getter in ODIs - Women: Smriti Mandhana

Highest Wicket-Taker in ODIs - Women: Deepti Sharma

Best Umpire In Domestic Cricket: Akshay Totre

M.A. Chidambaram Trophy - Highest Run-Getter in U-19 Cooch Behar Trophy: Kavya Teotia

M.A. Chidambaram Trophy - Highest Wicket-Taker in U-19 Cooch Behar Trophy: Vishnu Bhardwaj

Jagmohan Dalmiya Trophy - Best Woman Cricketer Senior Domestic: Priya Mishra

Jagmohan Dalmiya Trophy - Best Woman Cricketer Junior Domestic: Ishwari Awasare

Jagmohan Dalmiya Trophy - Highest Wicket-Taker in U-16 Vijay Merchant Trophy: Hemchudeshan Jeganathan

Jagmohan Dalmiya Trophy - Highest Run Getter in U-16 Vijay Merchant Trophy: Lakshya Raichandani



MA Chidambaram Trophy - Highest Wicket-Taker in U-23 CK Nayudu Trophy (Plate Group): Neizekho Rupreo

MA Chidambaram Trophy - Highest Run Getter in U-23 CK Nayudu Trophy (Plate Group): Hem Chetri

MA Chidambaram Trophy - Highest Wicket-Taker in U-23 CK Nayudu Trophy (Elite Group): P Vidyuth

MA Chidambaram Trophy - Highest Run Getter in U-23 CK Nayudu Trophy (Elite Group): Aneesh KV

# Sports budget raised by over Rs 350 crore, Khelo India gets biggest share






New Delhi, Feb 1 The government's flagship Khelo India programme to scout and nurture athletes at the grassroots level was the biggest beneficiary as the allocation for sports was hiked substantially by Rs 351.98 crore in the Union Budget presented by Finance Minister Nirmala Sitharaman here on Saturday.

The ambitious scheme has been allocated Rs 1,000 crore for the financial year 2025-26. This is Rs 200 crore more than the grant of Rs 800 crore in 2024-25.Overall, the Ministry for Youth Affairs and Sports was designated Rs 3,794.30 crore, an overall jump of Rs 351.98 crore.

The increase is substantial considering there is no major sporting event like the Olympics, Commonwealth or Asian Games lined up in the next one year.The assigned amount for assistance to National Sports Federations has also been hiked marginally from Rs 340 crore to Rs 400 crore.India is currently pushing through with an ambitious bid to host the 2036 Olympic Games for which a letter of intent has been submitted to the International Olympic Committee.

# Dominant Liverpool beat Real Madrid 2-0 to top Champions League

▶ Liverpool regained top spot in the Champions League table and registered a first victory over Real Madrid in 15 years on Wednesday with a dominant 2-0 win courtesy of goals from Alexis Mac Allister and Cody Gakpo.

Liverpool, Feb 1 Liverpool regained top spot in the Champions League table and registered a first victory over Real Madrid in 15 years on Wednesday with a dominant 2-0 win courtesy of goals from Alexis Mac Allister and Cody Gakpo.

Such was The Reds' superiority that they could afford the luxury of a rare Mohamed Salah penalty miss in between goals as they claimed a fifth win from five games to sit two points clear at the head of the new-look league format.

On a miserable night for the Spaniards, now 24th in the 36-team competition, Kylian Mbappe was well-shackled and also missed a penalty that would have drawn Real level against the run of play in the second half.

With Liverpool dominating possession and chances against the Champions League holders, Mac Allister struck the opener in the 52nd minute after a neat one-two with Conor Bradley in front of a delirious Kop end at Anfield.Gakpo sealed the game in the 76th minute with a header past Thibaut Courtois from



an Andy Robertson cross."When you play against teams like Real Madrid, it's always nice to score, but the most important thing is that we won it, and I think in a really good way," Mac Allister said."We dominated the game, we deserved this." The result continued boss Arne Slot's scintillating start at Liverpool, who as well as their 100% Champions League record also sit top of the Premier League by eight points. Liverpool had not beaten Real Madrid since 2009, failing to win any of the previous eight matches including two painful Champions League final defeats."It's a big result, it was a massive game for us. Obviously, they got the better of us the last few times in the Champions League so we wanted to come out here tonight and put on a performance," said goalkeeper Caoimhin Kelleher.His second-half penalty save against a confidence-sapped Mbappe brought one of the biggest roars of the night. "I don't really look at the player too much, I was confident and thankfully I went the right way again," he said.

# Sindhu survives scare before entering quarters



Lucknow, Feb 1 Star Indian shuttler PV Sindhu survived a scare before beating unheralded compatriot Ira Sharma in three games to enter the women's singles quarterfinals at the Syed Modi International Super 300 badminton tournament here on Thursday.

Sharma, ranked 147th in the world as against 18th of Sindhu, stretched the second-round match to the decider after winning the second game. Top seed Sindhu, a two-time Olympics medallist, recovered in time to pocket the deciding game and win the match 21-10 12-21 21-15 in 49 minutes.The 29-year-old Sindhu has been struggling for some time and she last clinched a title at the Singapore Open in 2022. She faces China's Dai Wang, ranked 118th in the world, in the quarterfinals. Wang beat Devika Sihag of India 19-21 21-18 21-11 in another second-round match.

Unlike Sindhu, top seed Lakshya Sen easily won his second-round men's singles match against Daniil Dubovenko of Israel 21-14 21-13 in just 35 minutes to also book a quarterfinal berth.Sen meets compatriot Meiraba Luwang in the quarterfinals. Meiraba was a 21-15 21-13 victor against sixth seed Nhat Nguyen of Ireland.

# It's advantage Gukesh for now but Liren banks on resilient past in battle for world crown

Singapore, Feb 1 With nerves no longer a concern for him, teenaged Indian Grandmaster D Gukesh will hold the psychological edge against a slightly shaken defending champion Ding Liren when the two resume their intriguing battle for the World Championship crown in the fourth round here on Friday.Having demonstrated better preparation and claimed his first victory in the third round, the 18-year-old Gukesh is expectedly upbeat and would be looking to just relax on the first rest today.With a maximum of 11 games remaining under classical time control, the scores are tied at 1.5-1.5. This was after Liren won the opener and the second game ended in a draw. Gukesh has clearly shown better preparation, while Liren's calculation let him down in the third game. The match had started with Gukesh facing the Chinese in a French



defense game with white pieces and his initial progress gave the Indian a huge time advantage, which he held till the end."It's always nice to win a game, also for the first against such a strong opponent. I think it means more that I got a win in the World Championship, and a very important win," a visibly pleased Gukesh had said after Wednesday's game.

# Swiatek accepts one-month suspension after failing doping test

London, Feb 1 World number two and five-times Grand Slam champion Iga Swiatek has accepted a one-month suspension after testing positive for banned substance trimetazidine (TMZ), the International Tennis Integrity Agency said on Thursday.

Swiatek tested positive in an out-of-competition sample in August but the ITIA, which runs tennis's anti-doping programme, accepted that it was caused by contamination of her medication melatonin, which was manufactured and sold over the counter in her native Poland.

Swiatek said she had been taking it for jet lag and sleep issues and as there was no significant fault or negligence, the ITIA ruled it was "the lowest end of the range" and offered the reigning French Open champion a one-month suspension which the 23-year-old accepted.



"The player was provisionally suspended from Sept. 12 until Oct. 4, missing three tournaments, which counts towards the sanction, leaving eight days remaining," the ITIA said in a statement." She also forfeited prize money from the Cincinnati Open, the tournament directly following the test.

Swiatek, who had pulled out of tournaments in Asia in September citing personal matters and fatigue, described the ordeal of testing positive as the "worst experience of my life".